Roll No. : ....

Total No. of Questions : **12**]   [Total No. of Printed Pages : **3**

APMA–301

M.A. (Previous) Examination, 2023

HINDI

Paper - I

(हिन्दी साहित्य का इतिहास)

Time : 3 Hours]   [*Maximum Marks : 100*

खण्ड–अ **(अंक : 2 × 10 = 20)**

नोट :– सभी **दस** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **50** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **2** अंक का है।

खण्ड–ब **(अंक : 8 × 5 = 40)**

नोट :– सात में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **200** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **8** अंक का है।

खण्ड–स **(अंक : 20 × 2 = 40)**

नोट :– चार में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **500** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **20** अंक का है।

खण्ड–अ

1. (i) आदिकाल के किन्हीं **पाँच** प्रमुख रासो ग्रन्थों का नामोल्लेख कीजिए।

   (ii) गोरखनाथ के साहित्य का परिचय दीजिए।

(iii) 'गीति परम्परा और हिन्दी कृष्ण काव्य' विषय पर प्रकाश डालिए।

(iv) अष्टछाप के प्रमुख कवियों का परिचय दीजिए।

(v) रीतिकाल के कवियों की श्रेणियों के बारे में परिचय दीजिए।

(vi) कवि भूषण की रचनाओं का उल्लेख कीजिए।

(vii) मुक्तिबोध के काव्य की किन्हीं **दो** विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(viii) द्विवेदी युग के प्रमुख कवियों के नाम बताइए।

(ix) भारतेन्दुयुगीन प्रमुख गद्य लेखकों के नाम बताइए।

(x) उपन्यास और कहानी के अन्तर को स्पष्ट कीजिए।

खण्ड–ब

2. विद्यापति पदावली की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

3. ''सन्तकाव्य में युगीन संवेदना की प्रखर अभिव्यक्ति हुई है।'' कबीर के काव्य के आधार पर सिद्ध कीजिए।

4. हिन्दी के कृष्ण भक्ति काव्य में वर्णित भारतीय संस्कृति और लोक जीवन का सोदाहरण चित्रण कीजिए।

5. रीतिकाल के भक्ति एवं नीति काव्य पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

6. प्रगतिवाद और प्रगतिशीलता का अर्थ स्पष्ट करते हुए कवि दिनकर के काव्य की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

7. 'हिन्दी नाटक का उद्भव और विकास' शीर्षक पर संक्षिप्त निबन्ध लिखिए।

8. समकालीन कविता का परिचय दीजिए।

खण्ड–स

9. "सिद्ध, नाथ और जैन साहित्य आदिकाल का प्रमुख साहित्य है।" इस कथन के आधार पर सिद्ध, नाथ और जैन साहित्य का परिचय दीजिए।

10. सूफी काव्य से आप क्या समझते हैं ? सूफी काव्य की प्रमुख विशेषताओं का सोदाहरण उल्लेख कीजिए।

11. प्रमुख रीतिकालीन कवियों का संक्षिप्त परिचय देते हुए रीतिकाल की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

12. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर विस्तृत टिप्पणी लिखिए :

    (i) छायावादी काव्य

    (ii) संस्मरण और रेखाचित्र

    (iii) नई कविता की विशेषताएँ

    (iv) भक्तिकाल की सामाजिक–सांस्कृतिक पृष्ठभूमि।